खबर संक्षेप

## नहीं रहे वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद खरया



**मण्डला।** मण्डला जिले के प्रसिद्ध अधिवक्ता आलोक खरया के पिता व जिले वरिष्ठतम अधिवक्ता प्रमोद खरया का लगभग 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके पुत्र अधिवक्ता आलोक खरया ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान बड़ी संख्या में खरया परिवार के परिजन, उनके रिश्तेदार, मित्र, अधिवक्ता, चिकित्सक और समाज के लोग उपस्थित थे। मुक्तिधाम में आयोजित शोक सभा के दौरान दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस असीम दुख सहने का साहस प्रदान करने मौन धारण किया गया। श्री खरया को कानून के बड़े जानकर के रूप में याद किया जाएगा। जिले के अनेक अधिवक्ता साथियों ने उनके सानिध्य में वकालत की शुरुआत की और उनसे कानून की बारीकियां सीखी। उनके जाने को जिले के कानूनी पेशे में एक अपूरणीय क्षति के रूप में देखा जा रहा है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता रामेश्वर झरिया ने भी श्री खारिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ को उनके जाने से अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उनके जाने से विधि जगत को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी श्री खारिया जूनियर अधिवक्ताओं के लिए हमेशा प्रेरणा रहे हैं। वे अधिवक्ता साथियों की मदद के लिए हर समय उपलब्ध रहते थे।

### जिले को नशा मुक्त बनाने कलेक्टर ने दिलाई शपथ

# अब नहीं होगा नशे का कारोबार

* पुलिस एवं प्रशासन द्वारा होगी संयुक्त कार्यवाही।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मण्डला महिष्मती नगरी को पवित्र नगरी घोषित करते हुये यहां किसी भी तरह की नशे की गतिविधियों पर पूर्णतः विराम लगा दिया था। नर्मदा सेवा यात्रा के दौरान नर्मदा के तट पर ही उन्होंने यह संकल्प लिया था कि अब किसी भी स्थिति में नर्मदा तट से 5 किलोमीटर के क्षेत्र में न तो शराब का भण्डारण होगा, न तो शराब क्रय की जा सकेगी और न ही शराब का विक्रय हो सकता है। इस संकल्प पर अमल करते हुये मुख्यमंत्री द्वारा जो वैध शराब की दुकानें इन क्षेत्रों में संचालित हो रही थी उन्हें भी बंद करा दिया गया।

मुख्यमंत्री ने तो माँ नर्मदा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और अपने संकल्प पर काम भी किया लेकिन मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करना जिस शासन एवं प्रशासन की जबावदेही थी क्या उसने इस पर अमल किया अथवा नहीं यह एक बड़ा प्रश्न है।

चूंकि शराब पर प्रतिबंध के बाद जो वैध दुकानें थी उन्हें तो सरकार ने बंद करा दिया लेकिन स्थानीय प्रशासन की नाक के नीचे शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक हजारों अवैध शराब के ठीहे आस्तित्व में आ गये जहां सुबह से लेकर देर रात तक शराब का क्रय-विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण हो रहा है।

लेकिन अब आज से इस तरह की कोई भी गतिविधियाँ अंजाम नहीं दी जा सकेगी इसके पीछे कारण है कि कल जिला प्रशासन ने नशा मुक्त समिति की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की यह बैठक कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में आयोजित की गई थी जहां पर कलेक्टर ने शपथ दिलाई उन सभी अधिकारियों को जो प्रशासन एवं पुलिस के प्रमुख जबावदेह अधिकारी हैं शपथ के बाद कलेक्टर ने जिले को नशा मुक्त जिला बनाने के संबंध में इनके साथ विस्तार से चर्चा भी की उन्होंने कहा कि नशे से बचाव के लिये सभी अधिकारी प्रभावी प्रयास करें उन्होंने कहा कि जहां से नशा उपलब्ध हो रहा है उन स्थानों को चिन्हित कर उन पर पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम कड़ी कार्यवाही करे। जिला स्तरीय नशा मुक्त इस समिति की बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमठ, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, आशुतोष ठाकुर उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग रोहित बड़कुल सहित एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।



मण्डला कलेक्टर के निर्देश पर अब निश्चित रूप से प्रशासन एवं पुलिस गंभीरता से कार्यवाही करेगी अब जिले में जो सूखे नशे का कारोबार होता रहा है वह नहीं होने वाला। स्मैक, चरस जैसे वे सूखे एवं महंगे नशे जिनके प्रभाव में आकर हमारे जिले की युवा पीढ़ी बर्बाद होती जा रही है इन्हीं नशों के सेवन के चलते युवाओं में अपराध की घटनायें भी बढ़ी हैं पिछले कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि के पीछे भी इन्हीं नशों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है पारिवारिक बिखराव का भी ये नशे ही हैं चूंकि इनके सेवन के बाद बताते हैं कि उपयोग करने वाले की मानसिक स्थिति इस लायक नहीं होती कि वह अपना अच्छा-बुरा पहचान सके और यही कारण है कि नशे की स्थिति में वह कुछ भी कर गुजरने से पीछे नहीं हटता। यह नशा आता कहा से है। हमने देखा है कि पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाने के बाद वे लोग तो पकड़ में आते हैं जिनके पास 2-4 ग्राम यह नशा होता है लेकिन वे लोग आज भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं जिनके माध्यम से यह नशा इन लोगों तक पहुंच रहा है। अब जबकि कलेक्टर मण्डला द्वारा अधिकारियों को शपथ दिलाई गई है कि जहां से नशा उपलब्ध हो रहा है उन स्थानों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्यवाही करें तो निश्चित रूप से आने वाले दिनों में दिखाई देगा कि किस तरह जिले के ही कुछ सफेदपोश लोग इस नशे के कारोबार में लिप्त हैं।

इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में और ग्रामीण क्षेत्रों तक देशी एवं विदेशी शराब जो आसानी से पहुंच रही है उनके स्त्रोतों पर भी कार्यवाही की जायेगी चाहते न चाहते हुये भी अधिकारियों को अब कार्यवाही करना ही पड़ेगी क्योंकि नशा मुक्त जिले की समिति के सदस्य होने के नाते उन्होंने जिले से नशा मुक्त करने की शपथ ली है।

## नवीन बालक हाई स्कूल में अतिक्रमण संबंधी बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया में नवीन बालक हर स्कूल के निर्माण होना है क्योंकि यहां पर पढ़ने वाले बच्चों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है एवं एक दो कमरे में हाई स्कूल संचालित है जहां पर लैब एवं अन्य साधन न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान होता है बच्चों को बैठने के लिए पर्याप्त जगह न होने कारण नवीन हाई स्कूल भवन का निर्माण होना है जिसमें पर्याप्त जगह होने के बाद भी शासकीय जमीन में अवैध कब्जा जमा कर बैठे हुए लोग जो कि कई नोटिस दिए जाने के बाद भी नहीं है रहे हैं जिससे पर्याप्त जगह होने के बाद भी कम समझ में आ रही है इस संबंध में नवीन हाई स्कूल के प्राचार्य द्वारा गांव के प्रतिष्ठित नागरिक एवं जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में अपनी समस्या रखी जिसमें विचार विमर्श किया गया एवं शासन से मांग की है कि तत्काल शीघ्र ही शासकीय एवं हाई स्कूल की जमीन में कब्जा जमाए हुए दुकानदारों को तत्काल खाली कराया जाए जिससे नवीन बालक हाई स्कूल का निर्माण हो सके पंचायत द्वारा लगातार नोटिस दिए जाने के बाद भी अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है अभी तक ऐसा एक भी प्रकरण नहीं है जिसमें पंचायत द्वारा किसी एक अतिक्रमण को हटाया गया हो लगातार शासकीय जमीन में अवैध कब्जा जमा कर अतिक्रमण हो रहा है जिससे शासकीय भवन के आसपास भी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमा कर बैठे हुए हैं शासन प्रशासन से उम्मीद है कि तत्काल इस पर ठोस कार्रवाई की जावे इस बैठक में नारायणगंज के मगनलाल सोनी रघुनंदन विश्वकर्मा रतन सिंह ठाकुर बीईओ कार्यालय से श्री गुप्ता जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष अविनाश शर्मा सुरेंद्र सोनी राजेश सोनी नवीन हाई स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रेणु बहन अजय सिंह सिंगरौली एवं स्टाफ के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय नशामुक्त समिति की बैठक संपन्न

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में जिला स्तरीय नशामुक्त समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें नशामुक्त जिला बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि नशे से बचाव के लिए प्रभावी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जहां से नशा उपलब्ध हो रहा है उन्हीं स्थानों चिन्हित कर उन पर पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी कार्यवाही करें। इस दौरान कलेक्टर ने शपथ भी दिलाई।

## काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल में गरीबों को दिये गये कंबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ग्राम गाजीपुर, मण्डला स्थित काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल के संचालक आचार्य भीमदेव नैष्ठिक एवं गुरुकुल परिवार द्वारा 15 दिसंबर 2024, रविवार को एक महत्वपूर्ण कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए कंबल प्रदान करना था। इस अवसर पर ग्राम गाजीपुर, चटुआमार, लुढ़िया आदि ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चटुआमार व गाजीपुर के सरपंच शिवनारायण कुशरो, ग्राम महाराजपुर से डॉक्टर नील सिंह, भूतपूर्व सैनिक प्रेमलाल गुप्ता, संजय ठाकुर, दुर्गेश यादव, अनिल सैयाम, प्रेमलाल यादव और गाजीपुर के अन्य धर्मप्रेमी सज्जन भी उपस्थित रहे। इन सभी ने कार्यक्रम की सफलता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आचार्य भीमदेव नैष्ठिक ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि हमारा सनातन धर्म हमें हमेशा दूसरों की सेवा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि ₹जो दूसरों को बांटकर खाता है, वह कभी भूखा नहीं रहता और जो निस्वार्थ भाव से सेवा करता है, वह कभी सेवा का मोहताज नहीं होता।₹ उन्होंने इस अवसर पर लोगों को असहाय और जरूरतमंदों की सहायता करने का आह्वान किया, ताकि वे भी अपने जीवन में समृद्धि और सुख-शांति पा सकें।

इस कार्यक्रम से गांववासियों में एकता और सामाजिक सहयोग की भावना को बल मिला और यह संदेश गया कि हमारी संस्कृति और धर्म हमेशा दूसरों की भलाई के लिए प्रेरित करता है। इस आयोजन से यह भी सिद्ध हुआ कि हमारी संस्कृति 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी 'पूरी दुनिया एक परिवार है' को साकार करने की दिशा में लगातार कार्यरत है।



## विजय दिवस के अवसर पर रेड क्रास में पुलिस बैंड की शानदार प्रस्तुति का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 16 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व एवं विजय दिवस के अवसर पर जिले के रेड क्रास में पुलिस बैंड प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस बैंड दल के द्वारा देशभक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में कलेक्टर मंडला श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मण्डला रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयस कुमट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अमित वर्मा, अपर कलेक्टर, एसडीओपी मण्डला, जन प्रतिनिधिगण, प्रिंट एवम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधी तथा पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आमजन के द्वारा भी बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनता में देशप्रेम एवं राष्ट्रीय भावना का संचार करना है। "मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व एवं विजय दिवस" के माध्यम से शासन द्वारा एक महत्वाकांक्षी पहल की गई है, जिसमें जनता को राष्ट्रप्रेम और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।






लाभ | शिक्षक संघ के प्रयासों से शिक्षकों को मिला क्रमोन्नति का लाभ

# 500 से ज्यादा शिक्षकों को मिला क्रमोन्नति का लाभ

* सहायक आयुक्त का शिक्षक संघ ने किया सम्मान।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के लिए मध्यप्रदेश शासन ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। जैसे की उच्च पद प्रभार एवं क्रमोन्नति योजना। क्रमोन्नति योजना एक ऐसी व्यवस्था है जिसके तहत किसी शासकीय कर्मचारी को उनके प्रदर्शन, अनुभव और उनकी सेवा अवधि के आधार पर अगले पदोन्नत पद के वेतनमान का लाभ दिया जाता है। यह कर्मचारियों को प्रेरित करने और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने का एक तरीका है।

क्रमोन्नति से कर्मचारियों को लगता है कि उनके काम की कद्र की जाती है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला एवं प्रदेश स्तर पर सदैव कर्मचारियों के हित में कार्य करने में तत्पर रहता है। विगत माहों में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रयासों से शिक्षक साथियों को उच्च पद का प्रभार मिल चुका है साथ ही उन्हें उनकी सुविधा अनुसार नवीन पद स्थापना का स्थल भी मिल गया है।

जिले के अनेक शिक्षक साथी क्रमोन्नति जैसी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए थे। जिसके लिए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जुझारू अध्यक्ष विवेक शुक्ला एवं उनके पदाधिकारीगण लगातार विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रमोन्नति से वंचित हुए शिक्षकों के हित में लगातार प्रयास करते रहे। जिसके परिणाम स्वरूप समस्त नौ विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के सहयोग से एवं कर्मचारी हितैषी सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला ने 233 प्राथमिक शिक्षक जिन्होंने 12 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर लिया था को प्रथम क्रमोन्नति, 160 प्राथमिक शिक्षकों को 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर द्वितीय क्रमन्नति, 11 सहायक शिक्षकों को 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर द्वितीय क्रमोन्नति, 115 सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर तृतीय क्रमोन्नति, 03 उच्च श्रेणी शिक्षकों को 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर द्वितीय क्रमोन्नति और तीन प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला को 30 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर तृतीय क्रमोन्नति का लाभ दिया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मण्डला रंजीत गुप्ता का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष विवेक शुक्ला एवं उनकी टीम के पदाधिकारी असीम गौतम, राजकुमार सिंगौर, अखिलेश चंद्रोल, योगेश चौरसिया, शैल दुबे, अनिल मरकाम, नंदकुमार मरावी, राकेश शुक्ला, माखन चौहान आदि के प्रयासों से शिक्षक साथियों को बहुप्रतीक्षित क्रमोन्नति का लाभ मिलने पर शिक्षक संवर्ग में काफी हर्ष का माहौल है। यही कारण है कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रति अधिकांश शिक्षक संबर्गों के शासकीय सेवकों की आस्था बढ़ी है। जिसके कारण मध्यप्रदेश शिक्षक संघ से दिन-प्रतिदिन शिक्षक जुड़ रहे हैं।

## संभाग स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता में जबलपुर विजेता एवं मण्डला उपविजेता रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर में महाविद्यालय मण्डला द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता में आज खेले गए प्रथम सेमीफाइनल मैच में जबलपुर में नरसिंहपुर को 19 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, यहां फाइनल मैच में जबलपुर ने मण्डला को चार विकेट से हराकर चैंपियन बना। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल गुप्ता जन भागीदारी अध्यक्ष चंद्रशेखर निखारे जन भागीदारी के सदस्य नमन अग्रवाल महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉक्टर टीपी मिश्रा, प्रवक्ता डॉक्टर एसके श्रीवास्तव मण्डला जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुधीर उपाध्याय जी पूर्व प्राचार्य डॉ विजेंद्र चौरसिया तथा विभिन्न महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी डॉक्टर विवेक जायसवाल, डॉक्टर आशीष चतुर्वेदी डॉक्टर प्रशांत यादव डॉक्टर रवि यादव डॉक्टर देवेंद्र बघेल डॉ अनूप परिहार डॉक्टर निलेश चौरे का विशेष एवं से प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुआ प्रतियोगिता का मैन ऑफ द मैच जबलपुर के यस को तथा मैन ऑफ द सीरीज मण्डला के अमन कछवाहा को दिया गया। अंत में प्रोफेसर टी पी मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।



खबर संक्षेप

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्रीमद् गौ भागवत कथा का आयोजन



**गाडरवारा।** गौमाता राष्ट्र माता अभियान के आचार्य नगर कालोनी में श्रीमद् गौ भागवत कथा का 16 दिसम्बर से 20 तक भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कथा का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। बताया जाता है कि यह कलश यात्रा नगर के नदी मुहल्ला से शुरू होकर झंडाचौक, पुरानी गल्ला मंडी से निकलते हुये पुराना बस स्टेन्ड मार्ग से होते हुये श्याम टाकीज से निकलते हुये महावीर भवन, पानी टंकी से निकलते हुये आयोजन स्थल आचार्य नगर कालोनी पहुंचकर समापन हुआ। इस आयोजन में कथा व्यास के रूप में प.प्रवीण आचार्य द्वारा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से पितृ मोक्ष हेतु गौपूजन एवं गौ ग्रास तथा सबह 11 बजे से संत समागम होगा। वही इस आयोजन में अनेक संतों के आने की सभावना व्यक्त की जा रही है।

## हिंदी विषय के पेपर सें अर्धवार्षिक परीक्षा का हुआ शुभारंभ



**गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार सोमवार से क्षेत्रीय शासकीय शालाओं मे प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग की कक्षाओं मे अर्ध वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो गई। वही शुरू हुई अर्ध वार्षिक परीक्षा के संबंध मे राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार सोमवार को शुरुआती दिन कक्षा 3 से कक्षा 8 वीं मे हिंदी विषय का प्रशन पत्र छात्र छात्राओं ने हल किया। निर्धारित समय सारणी के अनुसार प्रतिदिन 11 बजे से 1:30 बजे तक परीक्षा होगी। परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन एवं अगले दिवस के पेपर की तैयारी कराने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा कक्षा पहली से दूसरी तक के बच्चों की नहीं हो रही है उनके लिए एफएलएन पाठ्यक्रम आधारित मूल्यांकन होगा। उक्त परीक्षा 21 दिसंबर तक होगी उसके उपरांत अंको की प्रविष्टि राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर की जाएगी। इस तरह शुरू हुई अर्ध वार्षिक परीक्षाओं के चलते स्कूलों का महौल पूर्ण रूप से वार्षिक परीक्षाओं की भांति देखने मिल रहा है।

## श्री दीपक दुबे का निधन



**गाडरवारा।** स्थानीय निवासी एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक राजेश व दीपक दुबे के पिताश्री चंद्रभूषण दुबे का बीते हुये दिवस निधन हो गया। वही लगभग 84 वर्ष थें। स्व.दुवे की शव यात्रा में नगर के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्वा सुमन अर्पित किये।

## योजनाओं से वंचित है कृषक, अधिकारी नही देते है ध्यान?

**सिंहपुर छोटा।** वैसे देखा जावे तो सरकारों ने कृषकों के लिए अनेक लाभ कारी योजानायें तैयार की है और कृषकों के हित ओर संरक्षण का दावा समय समय पर किया जाता है, लेकिन यह एक सोचनीय पहेलू है कि इन योजनाओ का लाभ कृषको तक कैसे पहुंचता है? ऐसा लगता है कि कृषको के हित संरक्षण हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता बढ़ती जा रही? ज्ञातव्य है कि सरकार ने कृषको की सहायता मार्ग दर्शन तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए उन्नत तकनीको से अवगत कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग बनाया है, लेकिन ग्रामीण अंचलों में कृषकों को विभाग द्वारा जानकारी सुलभ नही कराई जा रही है, जिससे समसमायिक जानकारी कृषकों को नही मिलती है, कृषि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण शासन की अनेक लाभकारी योजनाओं का लाभ कृषकों को नही मिल पा रहा है? जिससे उनकी कृषि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, क्षेत्र के कुछ रोषित कृषको ने बताया कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ साधन सम्पन्न कृषकों को दिया जाता है।

# हर बुधवार को धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में बनती जाम की स्थिति, किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से नही किया जा सकता है इंकार, यातायात निमयों को नजर अंदाज कर डबल ट्रालियों का संचालन बन रहा दुर्घटनाओं का कारण...?









हरिभूमि न्यूज/साईंखेड़ा। इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र में जिस प्रकार से तेज गति से दौड़ रहे वाहनों के चलते आये दिन घटित हो रही घटनाओं के चलते तो लोगों की जान जा रही है जिसमें डबल ट्राली लगातार चलने वाले ट्रेक्टरों की भूमिका अहिम तौर से देखने मिल रही है। यदि डबल ट्रालियां लगाकर चलने वाले ट्रेक्टरों से घटित हुई घटनाओं के बीते हुए वर्षो के गिराफ पर नजर दौड़ाई जावे तो अनेक लोगों की जाने जा चुकी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए बीते हुये कुछ वर्ष पहले क्षेत्र जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इन डबल ट्रालियों के संचालन पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस को इनके परिचालन पर रोक लगाये जाने की बात कही गई थी जिसके चलते तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा अपनी गंभीरता का परिचय देते हुए डबल ट्रालियों के ट्रेक्टरों के चलन पर रोक लगाने के आदेश दिये गये थें। मगर इस वर्ष इस प्रकार की सोच न तो क्षेत्र के जिम्मेदार नेताओं की देखी जा रही है और न ही प्रशासनिक अधिकारियों की जिसके चलते क्षेत्र की सड़कों पर धडल्ले से नियम विरूद्व डबल ट्राली ट्रेक्टर दौड़ते मौत का सायरन बजाने से नही चूक रहे है? वही दूसरी ओर यदि क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों को पता नही इन डबल ट्रालियों का संचालन करने वाले लोगों से इतनी हम दर्दी क्यों बनी होती है जिसके चलते आये दिन इन वाहनों से घटित होने वाली घटनाओं की नजर अंदाज करते हुये इन्हे छूट प्रदान की जा रही है। निश्चित तौर से यह सच्चाई चिंता जनक बनने से नही चूक पा रही हैण..? इस प्रकार से नगर के पुलिस थाने के ठीक सामने से प्रतिदिन सैकड़ा की संख्या में निकल रहे डबल ट्राली के ट्रेक्टरों को देखते हुए यह जान पड़ रहा है कि शायद प्रशासन को आम जनता की जिन्दगी से कोई लेना देना ही नही रह गया है। क्योंकि बाहर से आये हुए लोगों द्वारा इस समय जिस प्रकार से नियम विरूद्व एक ट्रेक्टरों में डबल ट्राली लगाते हुए संचालन किया जा रहा है उनके प्रति अधिकारियों की हम दर्दी जहां चर्चा का विषय बनी हुई है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नियमों को दर किनार करते हुए इस प्रकार से डबल ट्राली के ट्रेक्टरों का संचालन करने वाले लोगों को अभयदान प्रदान किया जा रहा है उससे यह जान पड़ने लगा है शायद यह सब लक्ष्मी जी का ही कमाल है जिसके चलते प्रशासन द्वारा यातायात के नियमों को अनदेखा किया जा रहा है? क्योंकि यातायात नियम के अनुसार किसी भी ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर चलना जहां नियम विरूद्व माना जाता है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से नियम विरूद्व दौड़ने वाली ट्रेक्टर ट्राली आम बात हो चुकी है जो आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा बनने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो यहां पर प्रति सप्ताह लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आने वाले लोगों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही बच पा रही है? क्योंकि यहां से निकले हुये स्टेट हाइवे 44 साईंखेड़ा सिलवानी-गाडरवारा मार्ग बनने के बाद जहां वाहनों की आवाजाही में इजाफा हुआ है। वही दूसरी ओर इस मार्ग यानि की नगर के मुख्य बाजार से बडे बड़े वाहनों के आलवा एक ट्रेक्टर मां डबल ट्राली लगाकर निकलने के कारण लोगों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी ओर स्कूली बच्चों की जिन्दगी पूर्णरूप से खतरे में नजर आ रही है। क्योंकि साईंखेड़ा में प्रति बुधवार को लगने बाले साप्ताहिक हाट बाजार के दिन यहां पर जहां बड़े वाहनों के निकलने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है तथा यह डबल ट्राली लगे हुए ट्रेक्टर भी आग में घी का काम करते हुए जान पड़ते है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे दुकान लगाने वाले के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा भी बना हुआ है। देखा जा रहा है कि वर्तमान में क्षेत्र की शुगर मिलों को जाने बाली गन्ना से भरे हुए डबल ट्राली के ट्रेक्टरों के आलवा क्षेत्र की रेत खदान से रेत ले जाने बाले डम्फरों की आवाजाही से दिन भर यहां पर वाहनों की भरमार रहती है जिसके चलते मुख्य बाजार में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वही लोगों की जान के लिए खतरा भी बन रहा है। वही दूसरी ओर इस सच्चाई को लेकर आमजन का कहना है कि जब तक मुख्य मार्ग पर साप्ताहिक हाट बाजार लगेगा यह समस्या खत्म होने बाली नही है और इसको लेकर शासन प्रशासन से अनेकों बार गुहार लगाते हुए मांग की जा चुकी है कि साप्ताहिक बाजार के दिन यहां पर भारी वाहनों के आने जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। मगर प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने से यह महसूस होने लगा है कि शायद प्रशासन किसी बड़ी घटना का अंतजार कर रहा है? अनेको बार तो यह देखा जाता है कि स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस से लेकर पुलिस विभाग के वाहन भी यहां के जाम में फंसकर काफी समय तक खड़े रहते है। इस सच्चाई को देखते हुए अब सबाल यह उठता है कि यदि इसी तरह आवश्यक सेवाओं वाले वाहन जाम में फंसे रहे तो किसी दिन कोई गंभीर घटना घटित होती है तो वहां पर क्या हाल होगा? नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते शासन प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित तौर से किसी भी कोई बड़ी घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार शासन प्रशासन ही होगा?

# शीतलहर व अधिक ठंड के कारण फसलों को पाला तुषार से बचाने के लिये किया जा रहा है जागरूक




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** हर साल देखा जाता है कि दिवम्बर व जनवरी माह में पढ़ने वाली तेज ठंड के चलते किसानों के खेतों में खड़ी रहने वाली फसल पाला तुषार की शिकार होने से नही बच पाती है। इसी के चलते कृषि विभाग द्वारा फसलों के बचाव को लेकर किसान भाईयों को जागरूक किया जा रहा है। क्योंकि इस समय पड़ रही शीतलहर व अधिक ठंडी के कारण फसलों में पाला पड़ने की संभावना को देखते हुए उप संचालक किसान कल्याण तथा जिला कृषि विकास विभाग ने किसानों को समसामयिक सलाह दी जा रही है। फसलों में पाला तुषार लगने की संभावना दिसंबर तथा जनवरी के महीने में रहती है। पाला के प्रभाव से प्रमुख रूप से टमाटर, बैंगन, आलू, फूल गोभी, मिर्च, धनिया, पालक के आलवा अरहर, मसूर, चना तथा कुछ मात्रा में गेहूं आदि के प्रभावित होने की ज्यादा संभावना रहती है। पाला से फसलों के बचाव के लिए किसानों को सलाह दी जाती है कि वे रात्रि 10 बजे से पहले दिन में सिंचाई अवश्य करें। फसलों में सिंचाई रात्रि के दूसरे तथा तीसरे पहर में नहीं करें। पाला की आशंका होने पर फसलों तथा उद्यान की फसलों में घुलन शील गंधक 80 प्रतिशत डब्ल्यूपी का दो से ढाई ग्राम मात्रा को प्रति लीटर की दर से पानी में घोल बनाकर डेढ़ से दो सौ लीटर पानी में घोलकर फसलों के ऊपर प्रति एकड़ की दर से छिडकाव करें। इससे दो से ढाई डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान बढने से काफी हद तक पाला से बचाया जा सकता है। वही फसलों में पाले की आशंका होने पर थायो यूरिया का 0.5 ग्राम मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल की दर से छिडक़ाव करने से भी पाला से काफी हद तक फसलों को बचाया जा सकता है। प्रत्येक अवस्था में पानी की मात्रा प्रति एकड़ डेढ़ से दो सौ लीटर अवश्य रखें। पाला से सबसे अधिक नुकसान नर्सरी में होता है। इसलिए रात्रि के समय नर्सरी में लगे पौधों को प्लास्टिक की चादर से ढक करके बचाया जा सकता है। ऐसा करने से प्लास्टिक के अंदर का तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है। जिसके कारण तापमान जमाव बिंदु तक नहीं पहुंचता है और पौधे पाला से बच जाते हैं। यह तकनीकी कम क्षेत्र के लिए उपयोगी है। जिन किसानों ने एक से 2 वर्ष के फलदार पौधों का अपने खेतों में वृक्षारोपण किया हो उन्हें बचाने के लिए पुआल, घास-फूस आदि से अथवा प्लास्टिक की सहायता से ढककर बचायें। प्लास्टिक की सहायता से क्लोच अथवा टाटिया बनाकर पौधों को ढक देने से भी पाला से रक्षा होती है। इसके अलावा थालों के चारों ओर मल्चिंग करके सिंचाई करते रहें। दिसंबर से फरवरी माह तक अधिक ठंड पड़ने के कारण पशु तथा बछड़ों आदि को भी रात्रि के समय घरों के अंदर बांधे तथा उन्हें बोरे तथा जूट के बोरे तथा टाट-पट्टी से ओढ़ाकर ठंड से बचायें।

# भारतीय किसान संघ सांईखेड़ा तहसील ने धरना प्रदर्शन करते हुये सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।

भारतीय किसान संघ सांईखेड़ा तहसील इंकाई द्वारा अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। बताया जाता है कि

धरना का प्रारंभ भगवान बलराम की पूजा कर एवं संगठन गीत किया गया, जिसमें सभी किसान बंधुओं एवं पदाधिकारीयों ने किसानों से संबंधित समस्याओं को अपने उद्बोधन में रखा गया। वही सौपे गये ज्ञापन में मुख्य रूप से अपनी मांगों का उल्लेख किया गया जिसमें किसानों के लिए खाद सुलभता से उपलब्ध हो तथा बढ़ाएं गये बिजली बिल वापिस किये जाने के साथ गन्ना में आग लगाकर कटाने पर पैसा नहीं काटा जाए, जंगली सुअरों से किसान की फसल सुरक्षित करने के उपाय किए जाएं तथा सभी ग्रामों में शासकीय चरनोई भूमि पर अतिक्रमण है उसे हटाया जाए। इसके आलवा किसानों के खेतों में झूला झूल रही बिजली लाईनों में सुधार किया जावे। शासकीय चरनोई भूमि पर नलकूप खनन करने वालो के बिजली कनेक्शन समाप्त किए जाएं । वही दूसरी ओर ऊमर नदी में रेत परिवहन के लिए अवैध मार्ग बनाया गया है उसे हटाया जाये एवं साईं खेड़ा क्षेत्र में स्वीकृत खदानों की सूची पंचायत में चस्पा कराई जाने के आलवा तहसील साईखेडा में SDM सप्ताह में 2 दिन उपस्थित रहे व समस्त तहसील कार्य साईं खेड़ा में संपन्न हो जिससे किसानों को अपने कार्य के लिये गाडरवारा भटकने के लिये मजबूर न होना पड़े तथा जहां सड़क ऊंची बनाई गई है वहां बिजली तार गन्ना ट्रैक्टर ट्रॉली में लग रहे हैं उनको ऊंचा किये जाने के आलवा अन्य मांगों सहित ज्ञापन तहसीलदार आकाश डहारे को सौपा गया। इस मौके पर किसान संघ के भगवत सिंह मरोगिया, संतोष राय, अभिषेक पटेल, सोमनाथ तिवारी बारछी, भाव सिंह पटेल, सुरेंद्र सिंह राजपूत, राकेश खेमरिया, रोहित अवस्थी, देवेन्द्र पटेल मनोज पटेल, भोपाल सिंह पटेल, नीरज शुक्ला, अजीत शुक्ला, नितिन तिवारी, सरदार पटेल, गोधन सिंह पटेल, विजय मालपानी, पवन पटेल, शेखर पटेल अभिषेक तिवारी, आकाश पटेल, हेमराज लोधी, कुंअर लाल पटेल, अनुराग चौकसे, अखलेश पुरी, माखन लाल अग्रवाल, जालम सिंह पटेल, अंकित पटेल भोपाल सिंह पटेल, चंद्रभान सिंह, मुन्नीलाल मोरी, प्रकाश सिंह राजपूत, विश्वनाथ शर्मा, साहब सिंह लोधी, किशन अहिरवार, सुरेश पटेल, नीतीश लोधी, मदन पटेल मुन्नीलाल मोरी, पवन पटेल, रोहित पराशर, मोहन शर्मा, कमलेश शर्मा, ओम चौकसे, यशवंत सिंह पटेल सहित अनेक किसान मौजूद थें।

# स्टेशन क्षेत्र में मुख्य मार्गो पर घंटों तक खड़े रहने वाले आटो बन रहे रेलयात्रियों के लिये परेशानी का कारण, प्रशासन से ध्यान देने की उठाई जा रही मांग





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

यह बात अलग है कि यातायात पुलिस द्वारा मा. उच्च न्यायालय के आदेश को लेकर हेलमेंट अभियान चलाते हुये बगैर हेलमेट करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है तो दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कान फोडू हार्न लगाकर बाइकर्सो में आतंक मचाने वालों के खिलाफ भी डंडा घुमाये जाने से लेकर द्वारा पुलिस की सहराना की जा रही है। मगर अन्य दूसरी जगहों पर बिगड रही यातायात व्यवसथा को नजर अंदाज किया जाना परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहा है? इस समय नगर की यातायात व्यवस्था जिस प्रकार से पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है उसके चलते नगर का हर व्यक्ति परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो प्रमुख रूप से इस समय नगर के चलने वाले आटों चालकों द्वारा जिस प्रकार से अपनी मनमानी पर उतारू होते हुये आटों चलाये जा रहे उसके चलते स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि नगर की सड़को पर आटों चालकों द्वारा चलते चलते मुख्य मार्गो पर ही अचानक बीच रास्ते पर ही अचानक आटों रोकने से नही चूकते है। इस स्थिति के चलते जब उनके पीछे कोई दो पाहिया वाहन चालक या फिर अन्य कोई वाहन चल रहा होता है तो अचानक आटों को रोके जाने के कारण आटों से टकराने से नही चूकता है और यही हाल आटों मोड़ने के समय देखा जाता है जो चलते चलते अचानक अपने आटों को मोड़ने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। कुछ इसी तरह का हाल रात के समय देखने मिलता है। क्योंकि आटों चालको द्वारा अपने आटों के ऊपरी भाग पर लगाये गये सफेद एलईडी लाईन सामने से आने वाले वाहन चालक को परेशानी में डालते हुये दुर्घटना का प्रमुख कारण बनने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर नगर के रेल्वे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर लगी हुई चाय नास्ता दुकानों के सामने यह आटों चालक मुख्य मार्ग पर घंटो तक अपने आटों को खड़ा करते हुये चाय नास्ता करने में मग्न हो जाते है जिसके चलते स्टेशन की ओर आने जाने वाले रेलयात्रियों के साथ साथ आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह स्टेशन क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर घंटों तक खड़े रहने वाले इन आटों से सबसे अधिक परेशानी व खतरा उन लोगों को पैदा हो रहा है जो अपनी बाइक के माध्यम से शीघ्रता के साथ किसी ट्रेन को पकड़ने जा रहे होते है। बताया जता है कि यह आटों चालक ट्रेन से उतरने वाली सबारियों को बैठाने के बाद मुख्य मार्ग किनारे लगी हुई चाय पान दुकानों के सामने जिस तरह आटों खड़े करते हुये अन्य दूसरी सबारियों के इंतजार में घंटो तक जाम की स्थिति बनाने से नही चूकते है। इस हालत इस मार्ग से अन्य वाहन चालको का निलना मश्किल हो जाता है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो बाइक चालकों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखे जाते है। सबसे अधिक परेशानी तो उन लोगों को होती है जो किसी ट्रेन का समय होने के दौरान ट्रेन को पकड़ना होता है तो वह इन आटों की भीड़ में फसकर अपनी ट्रेन चलने से नही बच पाता है। वही दूसरी ओर नगर के अंदर की यातायात व्यवस्था की सच्चाई पर गौर किया जावे तो की स्टैट बैक के सामने मुख्य मार्ग पर दिन भर वाहन खड़े रहने के कारण यहां पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके चलते आमजन के आलवा स्कूल आने जाने वाले छात्र छात्राओं को भी परेशान होते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर नगर में अनेक प्रभाव शालियों द्वारा अपने वाहनों को मुख्य मार्ग पर ही खड़ा किया जाता है जिसके चलते उनके द्वारा इस प्रकार से अघोषित रूप से किये जाने वाला अतिक्रमण यातायात व्यवस्था में बाधक बनने से नही चूक पा रहा है? इस प्रकार यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय आटो चालकों की मनमानी सहित प्रभावशाली लोगों की हिटलर शाही के चलते नगर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है जो जिसको पटरी पर लाना निश्चित ही पुलिस के लिये एक चुनौती के समान साबित होने से इसलिये नही चूक पा रहा है । क्योंकि जब भी पुलिस कोई कार्यवाही करने का प्रयास करती है तो कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद इस तरह मनमानी करने वालों को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रभावशाली या फिर राजनेताओं के फोन आना शुरू हो जाते है?

# मण्डी एवं नगर पालिका काम्प्लेक्स दुकानदारों पर लाखो रूपया बकाया, अनेक दुकाने चल रही किरायदार टू किरायदार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय जवाहर कृषि उपज मंडी द्वारा अपनी राजस्व आय बढ़ाने शापिंग काम्प्लेक्स दुकानों का निर्माण कराया गया था,लेकिन जिसमें कृषि उपज मण्डी द्वारा 152 दुकानों का निर्माण कराया गया था तथा नगर पालिका द्वारा संजय गांधी मार्केट में 13 दुकाने, गांधी मार्केट में 11 दुकाने व इंदिरा शापिंग काम्प्लेक्स में 64 दुकाने तथा कामथ काम्प्लेक्स में 24 दुकाने, पं. दीनदयाल बस स्टैण्ड में 10 दुकाने, चीचली रोड पर स्थित काम्प्लेक्स में 10 दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसमें से इन शापिंग दुकानों में से 126 दुकाने नगर पालिका द्वारा किराये से दी गयी। मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा इन दुकानों को अपनी जुगाडू व्यवस्था के चलते किराय से लेकर अन्य दूसरे को किराय पर दे रखी है, जिनका किराया विगत लम्बे समय से न तो मंडी कार्यालय में जमा हो रहा है ओर न ही नपा में जिसके कारण इस समय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी प्रशासन को दुकानदारों से 30 लाख रूपया से ऊपर तथा नगर पालिका प्रशासन को कई लाख रूपया से ऊपर की राशि इन दुकानदारों से किराय के रूप में लेना बाकी निकल रहा है? बताया जाता है कि इन दुकानदारों में कुछ दुकानदारो की स्थिति तो कुछ इस प्रकार से बताई जाती है कि जिनका किराया लाख रूपया से ऊपर है, वही मंडी एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा बकाया किराया वाले दुकानदारों पर नियमानुसार नोटिस देकर दुकान खाली कराने का अधिकार होने के साथ साथ किसी शासकीय संपत्ति के संबंध में बताया जाता है कि जो व्यक्ति यदि किराय से लेता है तो उसका उपयोग वही करता है किरायदार को किराय से देने का अधिकार नही होता है मगर इसके बाद भी अनेक दुकान नियाम के खिलाफ किरायदार से किरायदार के रूप में चल रही है, लेकिन आज तक ऐसी कोई कार्यवाही मंडी एवं नगर पालिकस प्रशासन द्वारा की नही गयी, हालांकि मंडी एवं नगर पालिका वसूली अधिकारी का कहना है कि हम बकायादारों से राशि जमा करने की बात कहते रहते है, बहरहाल मंडी एवं नगर पालिका शापिंग काम्प्लेक्स से लाखों रूपयो की बकाया राशि बसूल न किया जाना नगर पालिका एवं मंडी प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है।



## खबर संक्षेप

### बाईक सवार गिरकर घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**डिण्डौरी-** कोतवाली थाना अंतर्गत अमरकंटक रोड स्थित कूंडा गांव में रविवार रात लगभग 8 बजे मजदूरी कर मोटर सायकल से वापस अपने घर लौट रहा व्यक्ति बाईक फिसलने अंयंत्रित होकर बाईक समेत रोड पर गिर जाने से घायल हो गया। सूचना के बाद परिजनों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। अस्पताल चैकी पुलिस को दिये कथन में घनष्याम पिता हीरे सिंह ठाकुर निवासी कूंडा ने बतलाया कि गांव के बेनीराम ठाकुर ने आकर बतलाया कि आपका रिष्तेदार बलराम ठाकुर मजदूरी करके लौट रहा था जिसकी मोटर सायकल दुर्घटनाग्रस्त हो गई और वह घायल हो गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर देखा तो भतीजा बलराम ठाकुर घायल अवस्था में सडक में बैठा हुआ था। पूछने पर बतलाया कि सडक में गिट्टी फैली हुई है जिससे मोटर सायकल अंयंत्रित होकर फिसल गई जिस कारण गिर घायल हो गया। तब भतीजा बलराम को 108 एम्बूलेंस से जिला चिकित्सालय में लाकर भर्ती कराया गया है जहां ईलाजरत है।

### पेट्रोल और डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा



डीजल और पेट्रोल लूटने लगा ग्रामीणों का हुजूम

**डिंडोरी-** समनापुर थाना अंतर्गत किकरझर घाट में रविवार दोपहर पेट्रोल और डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट, गया इसकी जानकारी जब ग्रामींणों को लगी तो डीजल और पेट्रोल लूटने के लिए ग्रामीणों का हुजूम उमड पडा और डिब्बा,बर्तन लेकर पेट्रोल और डीजल लूटने की ग्रामींणों में होड लग गई। ग्रामींणों ने डिब्बे और वर्तनों में ईंधन को लेकर जाने लगे। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुँची, और डीजल पेट्रोल लूटने पहुँचे ग्रामीणों को पुलिस ने हटाया,मौके पर पुलिसकर्मी तैनात,किये गये जिसके बाद ईंधन की लूट बंद हुई। जानकारी के अनुसार टेंकर ईंधन लोड कर समनापुर की तरफ जा रहा था इसी दौरान चालक ने घाट में वाहन से नियंत्रण खो दिया और टेंकर पलट गया।

### आज होगा जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

*1000 से अधिक पदों के लिए 12 कंपनियां करेंगी युवाओं का चयन*

**डिण्डौरी-** जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आज मंगलवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिंडौरी में किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई डिंडौरी के संयुक्त तत्वाधान में यह मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें 12 कंपनियां लगभग 1 हजार पदों के लिए युवाओं का चयन करेंगी। उक्त मेले में असिस्टेंट मैनेजर, वेयर हाउस एक्जीक्यूटिव, सेल्स एक्जीक्यूटिव, ऑपरेटर जैसे अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। 18 वर्ष से 35 वर्ष के सभी युवा रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। जिसके तहत 10वीं पास एवं उससे अधिक शिक्षित युवक योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। मेले में भाग लेने के लिए युवक-युवती अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र, बायोडेटा, पहचान पत्र, एवं 2 पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ शामिल हो सकते हैं। उक्त रोजगार मेले में एनआईआईटी लिमिटेड, डीके एसोसिएट, शिव शक्ति एग्रीटेक, पुखराज हैल्थ केयर, एसआईएस, वर्धमान यार्नस, प्रगति बायोटेक सहित 12 कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी जिला रोजगार कार्यालय डिंडौरी एवं श्री रोहित कुमार पाण्डेय (7987965116) पर संपर्क कर सकते हैं।

# अतिथि शिक्षकों के भरोसे एकीकृत मा.शा.तांतर, नदारत रहते हैं हेडमास्टर

***बजाग विकास खण्ड में शिक्षा व्यवस्था चौपट***

***पद भरे होने के बाद भी नियम विरुध्द मनमानी भर्ती कर नियमित शिक्षक रहते हैं नदारद***

***एक ही कमरे में सभी कक्षा के विद्यार्थियों को करा रहे अध्ययन***





**डिंडौरी :** जिले की सरकारी स्कूलों में दिनों दिन शिक्षा व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही हैं, जिनके जिम्मे सरकारी स्कूलों की निगरानी और गुणवत्ता कायम करना है उनके द्वारा तय जिम्मेदारी को कमाई का जरिया बना कर मोटी कमाई करते हुए दायित्व एवं कर्तव्यों की इतिश्री की जा रही हैं। जिले में संचालित तमाम सरकारी स्कूलों की हालत यूँ तो अस्त व्यस्त हैं ही लेकिन सबसे ज्यादा भर्राशाही और शिक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ वन आँचल क्षेत्रो में देखा जा सकता है।

कुछ ऐसा ही ताजा मामला बजाग विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम तातंर में संचालित एकीकृत माध्यमिक विद्यालय का सामने आया है, यहाँ पर कक्षा 1 से लेकर 8 तक 163 बच्चे दर्ज है, जिन्हें पढ़ाने के लिए 2 नियमित शिक्षकों के साथ 5 अतिथि शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। जब हमारे संवाददाता स्कूल परिसर में पहुंच कर शिक्षा व्यवस्था को लेकर नोनिहलो से बातचीत की तो पता चला कि दोनों नियमित शिक्षक आये दिन नदारत रहते हैं,सप्ताह में एक दिन आकर हाजरी भर कर पगार ले रहे हैं, इतना ही नही हेडमास्टर कुम्हार सिंह मरावी ने अपने भतीजे को नियम विरुध्द तरीके से अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्त करने के साथ ही अन्य 5 लोगो को नियम विरुध्द तरीके से नियुक्त कर शासन को पलीता लगा रहे हैं।

इतना ही नहीं, विद्यालय में 07 शिक्षक पदस्थ होने के बावजूद विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर निम्न है ,शिक्षकों की मनमानी और लापरवाही बरतने के कारण विद्यार्थियों का विद्यालय से मोहभंग होता जा रहा है, जिसके चलते 163 दर्ज संख्या होने के बावजूद कभी भी 40- 45 से अधिक बच्चे उपस्थित नही होते हैं।

### इनका कहना है,,

उक्त विद्यालय में नियुक्त अतिथि शिक्षकों ने सीएम हेल्पलाइन लगाकर नियुक्त करने की मांग किया था, सहायक आयुक्त के मौखिक निर्देश पर स्वीकृत पदों से अधिक की नियुक्ति की गई है, यदि मनमानी की जा रही हैं तो कल ही जनशिक्षक को भेजकर जांच कराता हूँ।

**तीरथ मरावी, बीईओ**
**बजाग**

# बस स्टैंड परिसर से हटवाया अतिक्रमण नर्मदा मार्ग पर मांस विक्रय पर की कार्रवाई

**पुलिस, राजस्व और यातायात की संयुक्त कार्रवाई**



**डिंडोरी-** सोमवार को जिला मुख्यालय में स्थित बस स्टैंड परिसर से बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही नर्मदा मार्ग पर मांस विक्रय करने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। पुलिस,राजस्व और ट्रैफिक के द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड में सब्जी विक्रेता,होटल व्यवसाय और अन्य लोगों को समझाईश दी गई। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से इस बाबद प्रशासन को शिकायत मिल रहीं थीं कि बस स्टैंड परिसर में बेजा कब्जा से आवागम व्यवस्था प्रभावित हो रही है और रोजाना अप्रिय स्थिति भी बन रही है।जिसके मद्देनजर एसडीएम रामबाबू देवांगन, एसडीओपी के के त्रिपाठी, तहसीलदार आर पी मार्को,कोतवाली प्रभारी गिरवर सिंह उइके, यातायात प्रभारी सुभाष उइके की संयुक्त टीम ने सोमवार को कार्रवाई को अंजाम दिया।इस दौरान बस स्टैंड परिसर में अवैध कार, टेक्सी पार्किंग पर चालानी कार्रवाई की गई।इसके साथ ही बस स्टैंड के तय नाप से अधिक टीन शेड और फ्लेक्स को हटाने के निर्देश जारी किये गये।इस दौरान एसडीएम रामबाबू देवांगन ने सब्जी मंडी के सामने मांस विक्रय पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश देते हुये अतिक्रमण की पुनरावृत्ति पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

### 'एसडीएम ने जारी किये नोटिस'-

जिला मुख्यालय में मुख्य मार्ग सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के चलते लगातार प्रभावित हो रही आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर संबंधितों को नोटिस जारी किये हैं।नोटिस में लेख किया गया है कि विभिन्न माध्यमो से एवं मेरे द्वारा नगर भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि आपके द्वारा वैधानिक स्वत्व की भूमि पर स्थित दुकानों से बाहर सामाग्रियां, सब्जियां , अन्य बस्तुएं बाहर निकालकर रखा जाता है, या सामाग्रियों को बाहर निकालकर शासकीय सडक मद की भूमि का उपयोग किया जा रहा है तथा दुकानों के सामने शेड लगाकर आवागमन बाधित किया जा रहा है और नगर पालिका के द्वारा सूचना देने के उपरांत भी आपके द्वारा उक्त न्यूसेन्स को नहीं हटाया जा रहा है, जो कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152 की उपधारा। का उल्लंघन है। अतएव आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.12.2024 के पूर्व यदि न्यूसेन्स अलग नहीं किया जाता है तो धारा 152 के उल्लंघन के लिए भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 221 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए आप व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। निर्धारित दिवस के पूर्व उपरोक्त न्यूसेन्स नहीं हटाए जाने पर दिनांक 21.12.2024 से बलपूर्वक हटाने की कार्यवाही की जावेगी और नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के तहत पृथक से कार्यवाही भी संपादित की जावेगी।

# जनकल्याण पर्व के तहत शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ग्राम सक्का क्लस्टर में आयोजित शिविरों में हुए शामिल



जनकल्याण पर्व जन जन का पर्व है, जिसके माध्यम से जिन व्यक्तियों को शासकीय योजनाओं का लाभ किसी कारणवश प्राप्त नहीं हो पाया है, उन सभी तक शासन आपके द्वार के सिद्धांत पर लाभ पहुंचाया जा रहा है,उनकी समस्याओं का निराकरण आयोजित शिविर में किया जा रहा है। जन शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए 45 विभागों की 63 विभिन्न सेवाओं को सुलभ रूप से पहुंचाने के लिए क्लस्टर आधारित अभियान चलाये जा रहे हैं।

### 'जनकल्याण पर्व के तहत गांव-गांव में शिविरों का हुआ आयोजन'

डिण्डौरी-

भारत सरकार एवं मध्यप्रदेष सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से सोमवार को ग्राम पंचायत रमपुरी सहित सक्का क्लस्टर में आयोजित शिविरों में पहुंचे। विधायक श्री धुर्वे ने रमपुरी पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का भूमि पूजन किया, उन्होंने हितग्राहियों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि

### जन जन तक पहुंच रहा शासन की योजनाओं का लाभ -

जन कल्याण अभियान के तहत सोमवार को अमरपुर के सक्का क्लस्टर में आयोजित किया गया, जिसमें रमपुरी, किसलपुरी, सक्का, खैरदा, उमरिया के ग्रामीणों को लाभ प्रदान किया गया, जिसके तहत राजस्व, स्वास्थ्य, उर्जा, शिक्षा, कृषि, सहकारिता, कौशल विकास, जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित आवेदन स्वीकार किये गए। जिन आवेदनों में दस्तावेज पूरे नहीं होने पर पात्रों को दस्तावेज के संबंध में उचित जानकारी दी गई, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। जनकल्याण पर्व के तहत 17 दिसम्बर 2024 को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अमरपुर क्लस्टर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।शिविर के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए ग्रामीण ग्राम सचिव, आंगनबाडी कार्यकर्ता, मोबीलाइजर, रोजगार सहायक या पटवारी से सम्पर्क कर सकते है।

# हाड़ कंपाने वाली ठंड से जनजीवन प्रभावित



**डिंडौरी-** जिला मुख्यालय सहित ग्रामींण अंचल में अब दिन-रात हाड़ कंपा देने वाली ठंड के असर से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है।खासकर ग्रामीण अंचलों में में मौसम के सितम का असर अधिक देखा जा रहा हैं। दिन की शुरुआत देर से कर रहे जबकि दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हैं सोमवार सुबह खेत खलिहान में ओस की बूंदें बर्फ बनकर देर तक जमी रही करंजिया विकास खंड के ग्रामीणों का कहना हैं कि हमारे गांव से अमरकंटक बिल्कुल नजदीक हैं इसलिए अमूमन यहां अधिक ठंड का असर रहता हैं। इन्होंने बताया कि जाड़े ने फिलहाल सभी वर्ग के लोगों को चपेट में लेकर जीना दुश्वार कर दिया हमें गर्म कपड़ों में भी राहत नहीं इससे बचाव के लिए हम सभी दिन-रात आग जलाकर बैठे रहते हैं।गौरतलब हैं कि बेतहाशा पड़ रही ठंड ने फिलहाल आमजन के जीवन की रफ्तार को धीमा कर दिया रात के अलावा दिन में भी ठंड का अहसास बना रहता।न्यूनतम तापमान भी निरंतर गिर रहा है। दिन में चलने वाली सर्द हवाओं ने सभी आयु वर्ग के लोगों को परेशान कर रखा है। इस तरह के मौसम के कारण जहां आमजन दिन की शुरुआत देर से कर रहें हैं, वहीं ईलाके में रात्रि में जल्दी ही सडकों और बाजार में सन्नाटा पसर रहा है। इसी तरह बजाग विकास खंड के बैगा चक इलाके में ठंड कहर ढा रही है बैगा चक क्षेत्र हरे भरे सरई के पेडो से घिरा हुआ है जिसके चलते ही ठंड का असर ज्यादा है। वही समनापुर विकास खंड के ग्रामीणांचलों में तो ठंड से हालात और भी खराब हैं। चारों ओर पहाडों से घिरे रहवासियों के लिए तो चैबीस घंटे ठंड पड रही है। इसी तरह घरों की छतों व बाहर खड़े वाहनों पर बर्फ की परत जम रहीं है। शीत लहर चलने से नागरिक दिन में भी शॉल, स्वेटर, जर्सी, मफलर धारण कर ही घरों से बाहर निकल रहें हैं। किसानों का मानना हैं कि



शीतलहर चलने के बाद पाला गिरने से दलहनी व सब्जी की फसलों का नुकसान हुआ है।

### बीमार बना रहा है मौसमः-

गौरतलब है कि ठंड के बढ़ते ही सर्दी, जुकाम और सांस तथा बुखार के लक्षण वाले मरीज अधिक संख्या में मिल रहें हैं। शीतकाल के मौसम में सभी आयु वर्ग के लोग कोल्ड एलर्जी की बीमारी से ग्रसित हो रहें हैं। ठंड के बढ़े असर से फिलहाल ग्रामीण इलाके के बाजार में जल्दी सूनसान हो जाते है। अब देर रात तक घूमने फिरने वाले लोगों की संख्या में भी कमी के साथ हाइवे सहित पहुंच मार्गों में अचानक से वाहनों की संख्या घट गई देर रात इक्का दुक्का वाहन ही सड़क पर चलते दिख रहे जबकि घर के बाहर जाकर काम करने वाले और व्यवसायी सहित आमजन प्रयासरत रहते है कि बाहरी काम जल्दी समेट दिया जाए, ताकि मौसम के सितम से बचें रहें। ग्रामीण ठंड से बचने शॉल, स्वेटर, कंबल आदि गर्म कपडें पहने दिख रहें हैं। लोग झुंड में बैठकर अलाव तापते भी नजर आ रहे हैं।

### अलाव जलवाने की मांग -

ग्रामींणों ने ठंड के बढ़ते प्रभाव के चलते मुख्य स्थानों चैराहा, पंचायत भवन, सहित भीड़भाड़ वाले इलाके में अलाव जलाने की मांग की है। हालाकि जिम्मेदारों द्वारा अभी तक अलाव जलाने का इंतजाम नहीं किया है जिससे नागरिकों में नाराजगी है। ग्रामींणों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन नागरिकों को दिए जाने वाली सुविधा को लेकर गंभीर नहीं है। मौसम में सबसे अधिक परेशानियों का सामना उन्हें करना पडता है जिनके पास ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं होते। इसी प्रकार मुसाफिर व अन्य कामों से बाजार तक आने वाले लोगों को खुले में रहकर ठंड से ठिठुरना पडता हैं।

# जनकल्याण पर्व और विजय दिवस के अवसर पर पुलिस बैंड ने दी मनमोहक प्रस्तुति

### पुलिस बैंड जनता और पुलिस के बीच सहभागिता में वृद्धि करने का माध्यम



**डिण्डौरी -** जनकल्याण पर्व एवं विजय दिवस के अवसर पर जिला पुलिस बल के तत्वाधान में सोमवार को पुलिस बैंड ने रानी अंवतिबाई चैक में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ऐ मेरे वतन के लोगों सारे जहाँ से अच्छा, कदम-कदम बढाए जा जैसे देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की धुन पर पुलिस बैंड की प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया। पुलिस बैंड जनता और पुलिस के बीच सहभागिता में वृद्धि करने का माध्यम है। पुलिस बैंड के स्वर आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार करते हैं।उक्त कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन, एसडीओपी डिंडोरी के के त्रिपाठी, एसडीओपी बजाग पुरषोत्तम मरावी, थाना प्रभारी गिरवर उइके, यातायात थाना प्रभारी सुभाष उइके, रक्षित निरीक्षक कुंवर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पुलिस बैंड के नायक -

11 सदस्यी पुलिस बैंड में प्रधान आरक्षक बलमत सरौते , आरक्षक सुंदरलाल कुशराम, राकेश पंचेश्वर, महेन्द्र नेटी, दवल सिंह, टीसी संतोष मरावी एवं विशेष सहयोगी दस्ता में आशुतोष, अनिल मरावी, चमन मसराम, उयेद कुमार और किशोर ने रोचक प्रस्तुति दी।

# अज्ञात कारणों से खलिहान में रखी धान की फसल जलकर हुई खाक



**डिंडोरी -** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर धमनगाँव ठाकुर टोला में कृषक कारणपाल ठाकुर की धान की फसल लगभग 50 क्विंटल की फसल खलिहान में गहाई के लिए रखी हुई थी जिसमें रविवार को लगभग 11 से 12 बजे के बीच अज्ञात कारणों से अचानक भीषण आग लग गई कृषक के द्वारा खलिहान में रखी धान की खरी में आग लगने की सूचना 100 डायल सहित फायर ब्रिगेड को दी गई जब तक दमकल वाहन घटना स्थल पहुंचता आधी से अधिक फसल जलकर राख हो चुकी थी।वही कोतवाली थाना अंतर्गत शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे मडियारास में खलिहान में रखे धान के भूसा में आग लग गई जिससे कृषक को हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। पुलिस को जानकारी देते हुए शयासिंह राठौर पिता कमलासिंह राठौर उम्र 67 साल निवासी मडियारास ने बतलाया कि घर पर सो रहा था तभी लोगों के चिल्लाने की आवाज आयी बाहर निकलकर देखा तो घर के बाजू में खलिहान में रखे धान के भूसा में आग लगी हुई थी तब दमकल वाहन को फोन से सूचना दी गई मौके में दमकल वाहन पहुंच पाता तब तक आग ने भूसा को जलाकर खाक कर दिया था।

# अज्ञात कारण से घर और दुकान में लगी आग, लाखों की सामग्री जलकर खाक



**डिण्डौरी-**कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पडरिया कला में रविवार शाम अज्ञात कारण से एक रहवासी मकान सहित मकान से सटे पंचर और आटोपार्टस की दुकान में आग लग गई जिसमें लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। हालाकि आगजनी के दौरान घर पर परिवार के सदस्य भी मौजूद थे लेकिन सभी घर से बाहर चले गये जिससे जानमाल का नुकसान नही हुआ। आग लगने के बाद आग बुझाने की असफल कोषिष की गई। सोमवार को राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और घटना के संबंध में पंचनामा की कार्यवाई की है। पंचनामा कार्यवाई में पूछताछ में पीडित सुधीर कुमार पिता संतकुमार जाति मेहरा ने बतलाया कि आग लगने का कारण अज्ञात है आगजनी में मकान और उससे सटी दुकान में रखी सामग्री जलकर नष्ट हो गई है। जिसमें धान 20 क्विंटल 40 हजार रूपये , 1 नग फ्रिज 25 हजार , 1 मोटर सायकल 50 हजार , 1 टीबी, 7 हजार 2 नग कूलर 7 हजार, एक टेबिल फेन 1हजार 50 नग मोटर सायकल के टयूब 12 हजार 5 सौ, 50 नग सायकल टायर 12 हजार 5 सौ, 4 नग कुर्सी 1 हजार, 50 लीटर ऑयल 10 हजार, 1 कम्प्रेसर मषीन 35 हजार 2 नग पलंग 10 हजार, 50 नग मोटर सायकल सीट कवर 7 हजार 5 सौ, ग्रहस्थी का सम्पूर्ण सामान 25 हजार, दरवाजा दो नग 10 हजार , 20 नग सीट सीमेंट एवं टीन चादर 10 हजार, सहित सात हजार रूपये नगद जलकर नष्ट हो गये है।

# धर्मांतरण सहित अन्य मुद्दों को लेकर प्राइवेट स्कूल में विद्यार्थी परिषद का धरना प्रदर्शन

### पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी पहुंचे , विद्यार्थी परिषद ने सौपा ज्ञापन



**डिंडोरी-** सोमवार को स्थानीय प्राइवेट स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता धर्मांतरण सहित अन्य मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन किया सूचना के बाद पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर स्कूल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा है।

### न टीचर ,न सुविधाएं,छात्रों के धर्मांतरण का प्रयास कर रहा संस्थान-

धरना प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री अमन अठनेरिया ,नगर मंत्री दीपेंद्र जोगी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि स्कूल में मैथ्स के टीचर नहीं है,प्राइमरी स्कूल के टीचर्स से बोर्ड क्लास की पढ़ाई करवाई जा रही है।एक साथ हॉस्पिटल,प्रिंसिपल और मैनेजर के पद पर काम कर रहे है।प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल के पास न तो डिग्री है और न योग्यता।स्कूल में सुविधाएं और खेल सामग्री भी नहीं है।प्री बोर्ड परीक्षा में पास होने का दबाव छात्र छात्राओं पर बनाया जाता है।छात्र छात्राओं को क्रिसमस का त्यौहार मनाने के लिए मजबूर किया जाता है।जबकि हिंदू धर्म के त्यौहार नहीं मनाए जा रहे है।स्कूल में छात्र छात्राओं के धर्मांतरण करने का प्रयास किया जा रहा है।धरना प्रदर्शन के दौरान एडिशनल एस पी जगन्नाथ मरकाम,तहसीलदार आर पी मार्को सहित पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

## रोजगार मेले का हुआ आयोजन

# 29.59 करोड़ रूपये के हितलाभ वितरित

### कंपनियों द्वारा जिले के 298 युवक- युवतियों का हुआ चयन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय पी जी का लेज आडिटोरियम में युवा संगम का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोड़िया, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले व अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित किया गया।

युवा संगम (रोजगार मेला) में अतिथियों ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 29 करोड़ 59 लाख रूपये के हितलाभ वितरित किये गये।

### युवाओं को मिले स्व रोजगार : पटेल

पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत वर्ष में सर्वाधिक युवा शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को स्व रोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। युवा शक्ति जब स्वयं को स्वरोजगार से जोड़ेगी तो युवा और देश दोनों ही मजबूत होगा। साथ ही उनमें दूसरों को रोजगार देने की क्षमता भी विकसित होगी। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। शासन द्वारा योजनाएं संचालित की जा रही है। पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने सभी युवाओं से अपील की है कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपना भविष्य बेहतर बनाएँ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से भी अब व्यावसायिक विषयों को उच्च शिक्षा में शामिल किया गया है।

### युवाओं को रोजगार से जुड़ना होगा: कलेक्टर

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। भारत की 63 प्रतिशत जनसंख्या कार्यशील आयु वर्ग में है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। उन्होंने कहा कि इसे हमें अवसर के रूप में देखना होगा। युवाओं को खुद







की आर्थिक संपन्नता होना जरूरी है। इसके लिये उन्हें रोजगार से जुड़ना होगा। यह रोजगार स्वयं, किसी निजी सेक्टर अथवा शासकीय संस्थाओं से प्राप्त होते हैं। बेहतर कौशल रोजगार की पहली सीढ़ी है। यह कौशल प्रैक्टिस के साथ उन्नत होता है। इस मेले का उद्देश्य यह है कि आप अपने स्किल में और पारंगत हो सके। उन्होंने कहा कि यहां किसी कंपनी में चयनित होने के बाद रुके नहीं। यह आपका अंतिम गंतव्य नहीं है। इसे वो इवेंट मैनेजमेंट के तौर पर इस्तेमाल करेंगे।

### स्टॉलों का किया अवलोकन

कार्यक्रम को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुनील कोठारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम उपरांत अतिथियों द्वारा परिसर में लगाये गये विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों का अवलोकन किया। इसके पश्चात दिव्यांग चिन्हांकन और उनके परीक्षण शिविर में पहुँचकर उनसे चर्चा भी की। रोजगार अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 502 बेरोजगार आवेदकों का पंजीयन किया गया था। यहां विभिन्न प्लेसमेंट कंपनियां द्वारा जिले के 298 युवक- युवतियों का चयन किया गया। टैली सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड जबलपुर, शिव शक्ति एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड जबलपुर, पुखराज हेल्थ केयर जबलपुर सहित अनेकों कम्पनियां शामिल हुई।

### हितलाभ किया वितरित

कार्यक्रम में हितग्राहियों को संत रविदास स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 36 लाख 15 हजार रूपये, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 6 लाख 66 हजार रूपये, सावित्रीबाई फूले योजना के अंतर्गत 9 लाख 50 हजार रूपये, स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 30 लाख रूपये, पीएम स्वनिधि (10 हजार) योजना के अंतर्गत 13 लाख 80 हजार रूपये, पीएम स्वनिधि (20 हजार) योजना के अंतर्गत 29 लाख 40 हजार रूपये, पीएम स्वनिधि (50 हजार) योजना के अंतर्गत 69 लाख 50 हजार रूपये, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण योजना के अंतर्गत एक लाख रूपये सहित अन्य योजनाओं के हितलाभ वितरित किये गये। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज दुबे व उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर, सुनील कोठारी, प्राचार्य आईटीआई आरएस पराशर, जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र संदीप गोटिया, अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी- कर्मचारी और युवा मौजूद थे।

## आरोहण स्कूली खेल प्रतिभाओं को बढ़ाने को प्रयासः इंजी तिवारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय एम आई एम टी कॉलेज होने वाली खेल प्रतियोगिताओं को लेकर पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुये संस्था के चेयरमैन इंजी रुद्रेश तिवारी द्वारा बताया गया कि जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें उचित मंच प्रदान कर प्रोत्साहित करने की। कम उम्र में ही बच्चों की प्रतिभा को निखार मिलेगा तो वे आगे चलकर जिले को प्रदेश व देश में गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि 18 से 21 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे इंटर स्कूल स्पोर्ट्स फेस्टिवल आरोहण के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी जब संभाग व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में फींका प्रदर्शन करते हैं तो मन में बेहद निराशा होती है। स्कूली शिक्षा के दौरान बच्चों का खेलों से न जुड़ पाना इसकी मुख्य वजह है। ज्यादातर छात्र-छात्राएं कॉलेज पहुंचने के बाद ही अपनी रूचि अनुसार खेल का चयन करते हैं और नींव मजबूत न होने के कारण आशानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाते। आरोहण के माध्यम से हम स्कूल स्तर से ही बच्चों को खेल से जोडने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि आगे चलकर वह बड़ी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि बच्चों के




सर्वांगींण विकास के लिए उन्हे शिक्षा के साथ खेल से जोडना भी जरूरी है। इसी उद्देश्य के साथ उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की खेलो इंडिया अवधारणा की दिशा में नरसिंहपुर जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं की प्रतिभा के प्रोत्साहन हेतु एमआईएमटी कॉलेज द्वारा खेल स्पर्धाओं का वृहद आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले में संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के लगभग 700 खिलाड़ी छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करेगें। प्रतियोगिताओं में एकल एवं युगल बैडमिंटन, एकल एवं युगल कैरम, शतरंज, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल व बैंड प्रर्दशन के द्वारा वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। पत्रकारवार्ता में जानकारी दी गई कि खेल विधा में विजेता एवं उपविजेता को क्रमश 2100 रुपए एवं 1500 रुपए नगद पुरस्कार राशि सहित शील्ड व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। विशेष पुरस्कार के अंतर्गत सर्वाधिक प्रतियोगिताओं मे सहभागिता करने वाले विद्यालय को बेस्ट पार्टिसिपेशन अवार्ड एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय को बेस्ट परफारमेंस अवार्ड के तहत 5-5 हजार रुपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। महाविद्यालय आयोजन समिति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिभागिता हेतु खिलाड़ी छात्र-छात्राओं से खेल गणवेश में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करेंः कलेक्टर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभागार में सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों की विभागवार समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित हो रहे जनकल्याण शिविरों में आये आवेदनों एवं उनके निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित करें। विभाग प्रमुख इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। आयोजित कैम्पों में आये आवेदनों की एंट्री पोर्टल पर प्रतिदिन हो। इसके साथ ही विस्तृत जानकारी जिला पंचायत में संचालित कंट्रोल रूम को भी प्रेषित की जाये। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों का जवाब दावा समय सीमा के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं हो। कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार विस्तृत समीक्षा भी की, जिसमें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामान्य प्रशासन विभाग शामिल रहें। उन्होंने विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के निराकरण संतुष्टि के साथ करें एवं अपनी ग्रेडिंग को ए श्रेणी में लाने पर फोकस करें। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें और शिकायतों के निराकरण करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य, खाद्य, कृषि, ऊर्जा, जल संसाधन, वित्त, सहकारिता सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संभावित क्षय रोगियों की जानकारी टीकाकरण अधिकारी से ली। उन्होंने कहा कि 100 दिवसीय निक्षय शिविर के तहत जिले में शिविर लगाकर दिये गये लक्ष्य को पूरा करें ताकि जिला टीबी मुक्त घोषित हो। सभी बीएमओ को निर्देश देते हुए विकास खंडों में आशा कार्यकर्तावार टीबी टीकाकरण की प्रतिदिन की मॉनिटरिंग करने कहा।

## स्कूल का समय मिलाने बसों का करना पड़ता है इंतजार

**नरसिंहपुर।** सुबह स्कूल कालेज मिलाने से लेकर टाइमिंग यात्री बसों को मिलाने के लिए इन छात्राओं को अपनी दैनिक सभी गतिविधियों से निवृत्त होकर आना फिर वापस लौटना फिर बसों में उन सभी परस्थितियों का सामना करना जो सफर के दौरान देखने मिला करतीं हैं । इतना ही नहीं तेंदूखेड़ा के बस स्टैंड से इन छात्राओं को एक से डेढ़ किमी दूर पैदल जाना पड़ता है। और वापस लौट कर आना पड़ता है।छुट्टी के बाद शाम को वापस जाने के बाद छात्रायें प्रायः थक जाती है। और सर्दियों के दिनों में ज्यादा परेशानी हुआ करती है।इन सभी झंझावतों से बचने के लिए तहसील मुख्यालय तेंदूखेडा में शासकीय प्री मैट्रिक हरिजन आदवासी पिछडा वर्ग छात्रावास की महती आवश्यकता है। जिसमें छात्राओं को यहाँ रहने के लिए व्यवस्था बन सके इस व्यवस्था से जहाँ प्रतिदिन आने जाने की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा वहीं पालक वर्ग की समस्या भी खत्म होने के साथ चिंता भी मिट जायेगी। इस विषय को काफी लंबे समय से क्षेत्रीय लोगो द्वारा मांग भी रखी जा रही है लेकिन अभी तक निराकरण ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।

## विजय दिवस पर पुलिस विभाग ने राष्ट्रभक्ति संगीत की दी प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व एवं विजय दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा जनपद मैदान काम्पलेक्स सुभाष चैक पर सोमवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस बैण्ड दल द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों की धुनों एवं स्कूल, कॉलेज के छात्र- छात्राओं व आमजनों द्वारा राष्ट्रभक्ति संगीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी एवं नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने- अपने विचार रखे गये।




## तेंदूखेडा को जरुरत है बालिका छात्रावास की

**तेंदूखेडा-** दिनों दिन छात्राओं की बढ़ती संख्या और प्रतिदिन आवागमन की समस्या को देखते हुए तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तेंदूखेडा में बालिका छात्रावास की महती आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। यदि पिछले आंकड़े उठाकर देखें तो तेंदूखेडा में आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग तीन सौ से चार सौ छात्रायें हाईस्कूल और उच्च शिक्षा ग्रहण करने 10 से 25 किमी दूर बाहर से यहाँ पर लगभग 225 से अधिक छात्राएं बाहर से आकर शिक्षा ग्रहण किया करती है । एक परिसर शाला के हिसाब से यहां पर कक्षा छठवीं से बारहवीं तक 803 छात्राएं शामिल हैं। इनमें मिडिल स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 6 से 8 में लगभग 187 छात्रायें शामिल हैं जिनमें पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्रायें है। इसी तरह से हाईस्कूल स्तर पर लगभग 616 छात्रायें है जिनमें पिछड़ा वर्ग की अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की छात्रायें शामिल हैं। इसी तरह से शासकीय महाविद्यालय में तीनों सेमेस्टरों में 250 से भी अधिक छात्रायें तीनों वर्ग की शामिल हैं। जो बाहर से आना जाना किया करतीं हैं।

## शैक्षिक संवाद कार्यक्रम संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस जन शिक्षा केंद्र चाँवरपाठा का शैक्षिक संवाद कार्यक्रम प्राथमिक शाला रुकवारा मैं आयोजित किया गया। शुभारंभ बीआरसी सुनील श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर सभी शिक्षक साथियों द्वारा सामूहिक वंदना से किया गया ।सदन में एफ एल एन कक्षाओं में छात्रों के लिए पीयर लर्निंग का महत्व एवं प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर संवाद कराया गया। संवाद में सहजकर्ता अशोक किरार ने पीयरलर्निंग के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ शिक्षकों के बीच सीखने-सिखाने से जुड़े अनुभवों के आदान-प्रदान और तैयारी कैसे करें ।इससे कक्षाओं में शैक्षिक समृद्धता कैसे बढ़ती है विस्तार से जानकारी दी ।

संवादात्मक शिक्षण में शिक्षक और छात्रों के बीच निरंतर बातचीत संवाद के ज़रिए छात्र सूचना के निष्क्रिय पाने वाले से ज़्यादा सक्रिय भागीदार बन जाते हैं। छात्रों को सवाल पूछने अपने विचार साझा करने और सामूहिक ज्ञान में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।आदि पर चर्चा की सहभागी शिक्षकों ने पीयर लर्निंग छात्रो का समूह में सीखना विषय पर कक्षा कक्ष के अनुभव साझा किये।शैक्षिक संवाद मे मुख्य रूप से कक्षा 1 एवं 2 के सभी सहभागी शिक्षक उपस्थित थे ।अंत में जनशिक्षक द्वारा संवाद की सीख को कक्षा शिक्षण में लागू कर छात्रो को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया तथा फीड बैक भरवाया ।



## सहयोग अभियान से लोगों तक पहुंचाई जा रही मदद

**गोटेगांव-** इस समय संपूर्ण क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप चल रहा है,प्रदेश में सर्दियों के मौसम के दौरान वर्तमान में निरंतर गिरते तापमान को देखते हुए नगर पालिका परिषद गोटेगांव द्वारा अनोखी पहल की जा रही है स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा 15 दिवसीय सहयोग अभियान का संचालन किया जा रहा है इस अभियान में नागरिकों के सहयोग से जरूरतमंद बेसहारा नागरिकों को यथा संभव सहयोग प्रदान करने की कोशिश की जा रही है नगर के अनेक नागरिकों ने इस अभियान में सहयोग के तौर पर जरूरतमंदों के लिए गर्म कपड़े स्वेटर जैकेट कंबल आदि अपनी ओर से उपलब्ध कराए हैं, यह कपड़े नगर पालिका परिषद गोटेगांव के माध्यम से जरूरतमंदों तक उपलब्ध कराए जाने का निरंतर अभियान चल रहा है, यह अभियान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर एवं प्रभारी सीएमओ नीलम चौहान के मार्गदर्शन में चल रहा है और लोगों से अधिक से अधिक सहयोग की अपील की है।

# पुल निर्माण में हो रहा गुणवत्ताहीन सामग्री का भरपूर इस्तेमाल

**गोटेगांव-**स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उमरिया बुढैना पहुंच वाले सड़क मार्ग पर शासन के माध्यम से स्वीकृत पुल का निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। परंतु इस पुल निर्माण कार्य में तय मापदंडों की अनदेखी हो रही है

### घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग जारी

हमारे संवाददाता ने जब कार्य निर्माण स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया तो वहां पर पुल के निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जाने वाली रेत में मिट्टी की मात्रा अधिक पाई गई।

### रेत में बड़े बड़े मिट्टी बोल्डर पड़े हुए हैं

जिससे हो रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है,इसमें शासन को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है लिहाजा पुल की उम्र भी कम हो सकती है,

इस गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य में तथा कथित ठेकेदार की मिली भगत की बू आ रही है, इससे



निर्माण कार्य में लगने वाली राशि का बटाढार हो सकता है,

### मजदूरों की जान के साथ किया जा रहा खिलवाड़

धूल भरे वातावरण में कार्य करने वालों मजदूरों के लिए डस्ट गिलास उपलब्ध नहीं है और ना ही निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों को पहनने वाले जूते और दास्तानें भी उपलब्ध नहीं किए जा रहे हैं।श्रमिकों की सुरक्षा के मानदंडों का पालन भी नहीं हो रहा है।पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूर अपनी जान को जोखिम में डालते हुए कार्य कर रहे हैं परंतु ठेकेदार द्वारा मजदूरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है उनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।वहीं आसपास के अनेक ग्रामवासी ठेकेदार की लेटलतीफी से परेशान हो रहे हैं। संबंधित विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी ध्यान दें।

### आवागमन के लिए सुगम

### वैकल्पिक मार्ग नहीं

संबंधित मार्ग पर आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए ठेकेदार के द्वारा बाजू से उचित वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया गया ग्रामवासी अपनी फोर व्हीलर और टू व्हीलर लेकर इसी ऊबड़-खाबड़ रास्ते से आते जाते हैं जिसमें धूल उड़ती रहती और मार्ग में बड़े-बड़े पत्थर पड़े हुए हैं जिससे कई यात्री गिरकर दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं,फिर भी ठेकेदार के कानों पर जू नहीं रेंगती।

### इनका कहना है

जब हमारे संवाददाता ने फोन पर ठेकेदार से निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड ना होने का पूछा तो ठेकेदार ने जवाब दिया निर्माणस्थल पर बोर्ड लगाने की हमारी जब इच्छा होगी हम लगा देंगे फिर संवाददाता ने गुणवत्ता हीन निर्माण सामग्री का उल्लेख किया तो ठेकेदार का कहना है कि आप संबंधित विभाग को सूचना दें जांच होगी

**देवेंद्र बुंदेला**
**ठेकेदार**

## खबर संक्षेप

### कड़ाके की ठंडी से अलाव की होने लगी मांग



**गोटेगांव** –स्थानीय नगर में विगत दिनों से बढ़ती ठंड और तापमान में गिरावट के चलते नगर गोटेगांव में भी ठंड का कहर बदस्तूर जारी है ऐसे में नगर की जनता ने संबंधित विभाग से नगर के व्यस्ततम क्षेत्र में अलाव लगाने की मांग की हैं।जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि नगर और ग्रामीण जनता जो ग्रामों से नगर में आती है की उन्हें ठंड से रक्षा और बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था की जाए।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कड़ाके की सर्दी का अहसास दिन में भी होने लगी है मौसम विभाग भी बोल रहा है कि आगामी दिनों में पारा और गिर सकता है ऐसे में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना आगे भी जारी रह सकती है इसलिए नगर की आम जनता ने जगह जगह लकड़ी के अलाव लगाने की मांग नगरपालिका परिषद से की है। संबंधित विभाग आम जनता की इस मांग पर उचित ध्यान दें।

### शासकीय 108 एंबुलेंस का किया गया ऑडिट



**गोटेगांव** –स्थानीय नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों के आदेश अनुसार विगत दिनांक 16 12.2024 को अस्पताल की 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के स्वास्थ्य उपकरणों की जांच पड़ताल की गई वहीं सक्षम स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा आडिट किया गया और 108 एंबुलेंस में प्राथमिक उपचार के उपकरण एवं समस्त प्रकार की दवाइयां एवं स्वच्छता तय मानकों के अनुरूप पाया गया गई, और स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा उचित दिशा निर्देश दिए गए,आडिट के दौरान अधिकारी ओम नितिन वाजपेई,सीबीएमओ एसएस धुर्वे, डॉ इंदरसिंह दंडोतिया, जिला अधिकारी प्रफुल्ल शुक्ला,पंकज सिंह,ईएमटी धनपति सतारे,पायलट राजकुमार रहपुरिया आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक जिले में चलाया जा रहा है। इसके तहत भारत एवं राज्य सरकार की 34 हितग्राहीमूलक योजनायें, 11 लक्ष्य आधारित योजनाओं में हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें शिविरों के माध्यम से हितलाभ प्रदाय किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले की 6 जनपद पंचायत नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली, चांवरपाठा, चीचली और सांईखेड़ा में क्लस्टर बनाकर ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर जिले के सभी नगरीय निकायों में लगाये जा रहे हैं। इन शिविर के माध्यम से वंचित पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकित कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक समस्त नगरीय निकायों के समस्त वार्डों में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार की 14 हितग्राही मूलक योजनाओं, लक्ष्य आधारित योजनाओं में हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें हितलाभ शिविरों के माध्यम से प्रदाय किया जाना है।

### दिव्यांग परीक्षण शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** वयोश्री एवं एडिप योजना अंतर्गत एल्मिको द्वारा दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए जिले में चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।